मोर मनोरथु जानहु नीकें । बसहु सदा उर पुर सबही कें ॥ 1 ॥
सुफल मनोरथ होहुँ तुम्हारे । रामु लखनु सुनि भय सुखारे ॥ 2 ॥

| Ram Katha 933 - मानस मनोरथ || Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 254 | इंदौर, मंगलवार 26 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **AAP Protest :** हिरासत में लिए गए पंजाब मंत्री हरजोत सिंह बैंस, कई मेट्रो स्टेशन बंद; धारा 144 लागू
2. **Hurun Rich List 2024:** एशिया की अरबपतियों की सूची में मुंबई ने बीजिंग को पीछे छोड़ा
3. **Kangana Ranaut:** 'असल और फिल्मी दुनिया में फर्क', कंगना पर सुप्रिया श्रीनेत के आपत्तिजनक पोस्ट पर भाजपा
4. **Aap Protest:** 'आप' को नहीं दी पीएम आवास पर घेराव की अनुमति, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी
5. **Donald Trump:** दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में शामिल हुए डोनाल्ड ट्रंप, इतने अरब डॉलर पहुंची कुल संपत्ति
6. **Japan:** अपने लड़ाकू विमान बेचने को तैयार हुआ जापान, शांतिवादी सिद्धांत छोड़कर पहली बार लिया बड़ा फैसला
7. **Tamil Nadu:** 'अगर मोदी फिर से पीएम बने तो भारत को बर्बाद कर देंगे', सीएम स्टालिन ने मतदाताओं से की यह अपील
8. **Russia Terror Attack:** मॉस्को में हमले से पहले आतंकियों ने की थी तुर्किये की यात्रा

# सर्वे के बीच धार भोजशाला में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

## सुरक्षा जांच के बाद अंदर पहुंचे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

धार। धार की ऐतिहासिक भोजशाला में आज मंगलवार को सत्याग्रह का दिन है। इसके तहत हनुमान चालीसा और अन्य पाठ किए गए। हिंदू समाज को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा मंगलवार को पूजा-अर्चना की अनुमति दी गई है। सुरक्षा जांच के बाद बड़ी संख्?या में श्रद्धालु भोजशाला में पहुंचे । पूजा के बाद बाहर आए श्रद्धालुओं ने कहा कि सर्वे के फैसले से हिंदू समाज खुश है। यहां सत्याग्रह 1952 से लगातार चल रहा है। हनुमान चालीसा के बाद आरती और पूजा संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने कहा कि निर्देश के अनुसार उन्होंने 11 बजे भोजशाला परिसर खाली कर दिया है।



पांचवें दिन के सर्वे कार्य के लिए मंगलवार सुबह दल भोजशाला पहुंचा। इस तरह से माना जा रहा है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग इमारत के पिछले भाग में आज दिनभर सर्वे करेगी ताकि किसी भी तरह से हिंदू समाज के लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। दोनों ही पक्ष की मौजूदगी में मंगलवार को यह सर्वे भीतरी परिसर में करवा पाना संभव नहीं है। इसलिए बाहरी परिसर में ही यह सर्वे करवाया जाएगा।

धार की ऐतिहासिक भोजशाला में कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच में सत्याग्रह हुआ है। प्रत्येक श्रद्धालुओं की चेकिंग की गई है और मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। सर्वे भी शुरू हो चुका है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम भोजशाला के पिछले हिस्से में यह सर्वे कार्य कर रही है।

यहां आने वाले श्रद्धालु किसी भी तरह के सर्वे की प्रक्रिया को देख नहीं सकें इसके लिए बड़े-बड़े पर्दे लगा दिए गए हैं। साथी मुख्य द्वार से केवल भीतर प्रवेश कर सकते हैं। अन्य स्थानों पर जाने पर रोक लगा दी गई है। चार स्थानों पर उत्खनन का कार्य जारी है। संभावना है कि इसमें हिंदू प्रतीक चिह्न मिल सकते हैं, इसी के मद्देनजर यह उत्खनन विशेष माना जा रहा है।

# महाकाल मंदिर हादसा- शुरू हुई मजिस्ट्रियल जांच

### तीन दिन में आएगी रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। महाकाल मंदिर के गर्भगृह में सोमवार सुबह आग लगने के मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। कलेक्टर नीरज सिंह ने तीन दिन में रिपोर्ट मिलने की बात कही है। इस बीच प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि श्रृंगार के बाद कपूर आरती के दौरान स्प्रे से गुलाल उड़ाने पर आग भभकी थी। चांदी की दीवार पर लगाए गए कपड़े के कारण आग तेजी से फैली और पुजारियों और सेवकों को चपेट में ले लिया। हालांकि





अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि आग आखिर कैसे लगी।

बता दें कि ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के गर्भगृह में सोमवार सुबह भस्म आरती के दौरान आग लगी थी। इसमें पुजारियों सहित कुल 14 लोग घायल हो गए थे। इनमें से नौ पुजारियों, सेवकों को इंदौर रेफर किया गया था। कलेक्टर के अनुसार सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। सभी का बेहतर इलाज किया जा रहा है। इस बीच तीन पुजारियों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है।

# सिंहस्थ को लेकर इंदौर में होने वाले कामों के लिए सेल का गठन

## हर 15 दिन में होगी समीक्षा और निगमायुक्त को देना होगी प्रगति रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व की तैयारियां उज्जैन में शुरु हो चुकी है। वहीं इंदौर से होने वाले कामों को लेकर भी इंदौर में नगर निगम और जिला प्रशासन ने भी अपनी अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। सिंहस्थ को इंदौर में सेल का गठन किया गया है। इस सेल में शामिल नगर निगम के अफसरों को हर 15 दिन में कार्यों की समीक्षा करने के साथ निगमायुक्त को प्रगति रिपोर्ट देना होगी।**

सिंहस्थ महापर्व-2028 को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर शहर में कराए जाने वाले कार्यो के लिए सेल का गठन निगमायुक्त शिवम वर्मा ने किया है। सिंहस्थ सेल में ड्रेनेज विभाग के अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, जनकार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, ड्रेनेज विभाग के कार्यपालन यंत्री सुनील गुप्ता, जनकार्य विभाग के सहायक यंत्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी, योजना शाखा के सहायक यंत्री नरेश जायसवाल, उपयंत्री पराग अग्रवाल, ड्रेनेज विभाग के सहायक यंत्री आएएस देवड़ा और उपयंत्री आकाश जैन है। निगम के इन अफसरों को सिंहस्थ से संबंधित कामों के प्रस्तावों को समयावधि में तैयार कराते हुए कार्यों का क्रियान्वयन कराने सहित मॉनिटरिंग करना होगी। इसके साथ ही हर 15 दिन की अवधि में समीक्षा बैठक रखते हुए निगमायुक्त वर्मा को कार्य कि प्रगति संबंधी रिपोर्ट देना होगी। सिंहस्थ को लेकर बनी सेल सड़क से लेकर ड्रेनेज से संबंधित कार्य करेगी, क्योंकि इंदौर शहर की ड्रेनेज का पानी कबीटखेड़ी स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पर जाने के बाद ट्रीट होता है। ट्रीट वाटर उज्जैन की शिप्रा नदी में छोड़ा जाता है। सिंहस्थ के दौरान शिप्रा में गंदा पानी न जाए। इस पर पूरा ध्यान सेल को रखना होगा।

# खजराना गणेश मंदिर की दानपेटी से निकले 1.75 करोड़



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । खजराना गणेश मंदिर में लगी दान पेटियों से 1.75 करोड़ रुपए की राशि निकली है। अभी मंदिर की दान पेटी से निकले सिक्कों की गिनती का काम चल रहा है। दान की राशि लगभग दो करोड़ रु तक पहुंच जाएगी।**

लाखों नागरिकों की श्रृध्दा के केंद्र खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों से निकली दान राशि की गणना अभी भी जारी है। दान पेटियों से निकले नोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। दान पेटियों से अब तक एक करोड़ 65 लाख रुपए की राशि निकल चुकी है। जबकि दान पेटियों से निकले लगभग 7 लाख के सिक्कों की गिनती अभी जारी है। इस तरह इस बार 5 माह के अंतराल में खोली गई दान पेटियों से लगभग 1 करोड़ 72 लाख की राशि निकलने का अनुमान है। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के द्वारा मंदिर के परिसर में मौजूद प्रशासनिक कार्यालय के सभागार में दान के पैसे गिनने का काम किया जा रहा है। इस पूरे काम की सीसीटीवी के माध्यम से रिकॉर्डिंग की भी की जा रही है।

### दान में दे दी अपनी परेशानियां

भक्तों के द्वारा मंदिर में लगी दान पेटी में पैसे तो चढ़ाए ही गए हैं उसके साथ ही अपनी परेशानियों को भी दान कर दिया है। इस बार दान पेटियों से बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भगवान गणेश जी कोअपनी परेशानी के संबंध में लिखे गए पत्र भी निकले हैं। जिन्हें गणेश जी को अर्पित कर दिया गया है। इन पत्रों में किसी ने अपने प्यार को दिलाने का आग्रह किया है तो किसी ने नौकरी मांगी है। किसी ने कर्ज से मुक्ति मांगी है तो किसी ने रईस जिंदगी मांगी है। बंद हो गए नोट भगवान को अर्पित मंदिर में जाकर दान पेटी में पैसा चढ़ाने वाले लोगों की मानसिकता भी उजागर होकर सामने आई है। भारत सरकार की पहल पर रिजर्व बैंक आफ इंडिया के द्वारा 2000 रु. के जो नोट बंद किए गए थे। वह नोट अभी भी लोगों के पास है और लोगों के द्वारा अब उन नोट का उपयोग मंदिर में भगवान को चढ़ाने में किया जा रहा है। मंदिर की दान पेटी की गणना में दान पेटियों से बंद हो चुके 2000 के 6-7 नोट भी निकले हैं। इसी तरह विदेशी करेंसी भी निकली है। साथ ही सोने चांदी के कुछ जेवरात भी दान पेटियों से निकले हैं।

# गैर निकलने के पश्चात गैर मार्ग की 1 घंटे में पूरी करे सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर की पहचान बनी रंगपंचमी पर शहर के मध्य क्षेत्र में निकलने वाली गैर की परम्परा को दृष्टिगत रखते हुए, निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने गोराकुण्ड, टोरी कॉर्नर, खजुरी बाजार, राजबाडा तक गैर मार्ग का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, श्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा इंदौर शहर की गौरवशाली परम्परा व ऐतिहासिक समारोह में से एक रंगपंचमी पर निकलने वाली गैर के मार्ग जिसमें मल्हारगंज, गौराकुण्ड चौराहा, टोरी कॉर्नर, खजुरी बाजार, राजबाडा तक मार्ग का निरीक्षण करते हुए, गैर मार्ग में जहां-जहां आवश्यकता है वहां पर पेव्हर ब्लॉक लगाने व बदलने के साथ ही रोड की वाईडिंग करने के संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये। इसके साथ ही रंगपंचमी पर गैर मार्ग के समस्त संपर्क मार्ग को भी व्यवस्थित करने तथा आवश्यकतानुसार पेचवर्क कार्य के साथ ही गैर मार्ग अवरूद्ध ना हो इसको लेकर भी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

### सीवरेज कार्य को शीघ्र पूर्ण करे

आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा राजबाडा व गोपाल मंदिर के मध्य किये जा रहे सीवरेज कार्य को शीघ्र पूर्ण कर, आवश्यक रेस्टोरेशन कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही राजबाडा, गोपाल मंदिर व आस-पास की ऐतिहासिक धरोहर को रंगपंचमी पर निकलने वाली गैर के दौरान रंगो व पानी से बचाव के लिये पर्याप्त रूप से कवर करने व सुरक्षित करने के संबंध में पुरातत्व विभाग के साथ चर्चा कर आवश्यकतानुसार ऐतिहासिक इमारतो व धरोहर को कवर करने के संबंध में भी कार्यवाही करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये गये।

### गैरे निकलने के बाद चलाए सफाई अभियान

इसके साथ ही आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा रंगपंचमी पर निकलने वाली गैर मार्ग पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ के संबंध में भी संबंधित अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिये गये। आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा इंदौर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए, रंगपंचमी पर गैर निकलने के 1 घंटे में गैर मार्ग की सफाई पूर्ण करने व शहर के प्रमुख स्थानो पर पर्याप्त संसाधन व स्टाफ के साथ व्यापक स्तर से सफाई अभियान चलाने के भी संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये।

# समन्वयकर्ता अधिकारियों की नियुक्ति हेतु संशोधित आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल/सहायक नोडल/समन्वयकर्ता अधिकारी की नियुक्ति की है। संशोधित आदेशानुसार नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा को सामग्री प्रबंधन के दायित्व हेतु समन्वयकर्ता अधिकारी एवं नगर निगम अपर आयुक्त मनोज पाठक को परिवहन प्रबंधन कार्यो के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने संयुक्त कलेक्टर श्री प्रदीप सोनी को बैलेट/ईडीसी/ईटीपी बीएस से मतदान एवं पश्चातवर्ती कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के रूप में क्रमशः राजस्व निरीक्षक अखिलेश सरमंडल एवं मनीष भार्गव को नियुक्त किया है। इलेक्टारोल प्रबंधन के दायित्वों के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि वर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अनिल माथुर को प्रेक्षक प्रबंध के लिए सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। उक्त आदेश के अलावा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री रवि शर्मा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें सहायक नोडल अधिकारी के दायित्व से मुक्त किया गया हैं।

# मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर में तैयार हो रहे नए स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क .....

## पीथमपुर सेक्टर-7 में दो हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करेंगी दोनों कंपनियां

### 1300 लोगों को रोजगार देगी पिनेकल-शक्ति प्लास्टिक्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर में तैयार हो रहे नए स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क सेक्टर-7 पीथमपुर में देश की दो बड़ी कंपनियां दो हजार करोड़ रूपए का निवेश करेंगी। एमपीआईडीसी से मिली जानकारी के अनुसार पिनेकल इंडस्ट्री ने स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए 50 एकड़ जमीन मांगी है।

इस सबंध में पता चला है की पिनेकल इंडस्ट्री ने जमीन आवंटन के लिए आवेदन देकर जमीन की कुल कीमत की लगभग 25 प्रतिशत राशि जमा करा दी। एमपीआईडीसी से हुए एग्रीमेंट के अनुसार यह कम्पनी 1000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। जिसके साथ ही यह लगभग 500 लोगों को रोजगार देगी।

वहीं शक्ति प्लास्टिक इंडस्ट्री ने स्मार्ट पार्क में 40 एकड़ जमीन मांगी है। यह कंपनी 1050 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके साथ ही यह 800 लोगों को रोजगार देगी।

### हाथों हाथ जमीन आवंटित

एमपीआईडीसी के अधिकारियों का कहना है कि अब तक लगभग 20 बड़ी औद्योगिक इकाइयां पीथमपुर-7 में उद्योग लगाने के लिए आवेदन दे चुकी हैं। जो इंडस्ट्री जमीन की कुल कीमत का 25 प्रतिशत जमा कराती जा रही है, उसे हाथों हाथ जमीन आवंटित की जा रही है।

### सेक्टर-7 से इन गांव को होगा फायदा

सलमपुर, अंबापुरा, बजरंगपुरा, काली बिल्लौद, रणमल बिल्लौद, किशनपुरा, बेटमाखास, भाटखेड़ी, बेटमाखुर्द, बिजेपुरा, करवासा, बदीपुरा, बंजारी, भंवरगढ़, घाटा बिल्लौद, मेठवाड़ा, सांघवी।

### खर्च होना है 2 हजार करोड़ रुपए

मप्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 7 प्रोजेक्ट में 2186 हेक्टेयर में से विकास योजना है। 803 हेक्टेयर पर औद्योगिक इकाइयों के लिए निर्माण किया जाना है। पीथमपुर क्षेत्र में यह पहला सेक्टर होगा जहां पर स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाई जाएगी। यहां पर 574 एकड़ जमीन पर यह टाउनशिप विकसित की जाना है। इसमें 20 हजार प्लाट व 16 मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जाना है। ऐसे में यहां पर करीब एक लाख लोगों के आवास की व्यवस्था है। ऐसे में उद्योगों में काम करने वाले लोगों को यहां पर रहने की सुविधा मिलेगी। यहां की स्ट्रीट लाइट को सौर ऊर्जा से रोशन करने की योजना है। सेक्टर-7 के विकास पर करीब 2 हजार करोड़ रुपए खर्च होना है।

इंदौर में 30 मार्च को रंग पंचमी पर निकलेगी रंगारंग गेर

# गेर में हथियार लेकर चलने वालों पर होगी रासुका की कार्यवाही, आदर्श आचार संहिता का कराया जाएगा पालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर में आगामी 30 मार्च को रंग पंचमी का पर्व परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस दिन शहर के निर्धारित मार्गों से रंगारंग गेर भी निकाली जायेगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुडदंग करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। गेर में हथियार के साथ पकड़े जाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध रासुका की कार्यवाही होगी। गेर में आदर्श आचार संहिता का पालन भी करना होगा। इसके तहत किसी भी राजनैतिक दलों के चिन्ह, बैनर, पोस्टर आदि का प्रर्दशन नही किया जा सकेगा।**

यह जानकारी कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर आयोजकों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की सम्पन्न हुई संयुक्त बैठक में दी गई। बैठक में पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता, कलेक्टर आशीष सिंह, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि गेर आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। गेर शहर में परम्परागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकाली जायेगी। बैठक में सभी आयोजकों की सहमति से गेर के क्रम में संशोधन किया गया है। अब सबसे पहले राधा-कृष्ण फाग यात्रा



निकलेगी। यह यात्रा सुबह ठीक 10 बजे निकलना प्रारंभ हो जायेगी। इसके बाद क्रमशः टोरी कार्नर, मारल क्लब, रसिया कार्नर, संगम कार्नर और जूनी इंदौर क्षेत्र से माधव फाग यात्रा निकलेगी। आयोजकों ने गेर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय के साथ तय क्रम से ही निकाले। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुडदंग नहीं हो। पूर्ण शालिनता बनी रहे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गेर में समन्वय और अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारी प्रभारी के रूप मे साथ रहेगें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने अनुविभाग में कानून व्यवस्था कि स्थिति के लिए पुलिस अधिकारियों से आवश्यक समन्वय एवं संवाद में रहेंगे। संबंधित विभागों नगर निगम, स्वास्थ एवं लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करवायेगें। पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता ने कहा कि गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। सीसीटीवी और वीडियों कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किये जायेंगे। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जायेगा। उन्होंने सुरक्षा प्रबंध के लिए पूरे मार्ग पर 2 डीसीपी को नोडल बनाया है। उन्होंने आग्रह किया कि गेर में गडबड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दी जाये। श्री गुप्ता ने कहा कि मदिरा पीकर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## इंदौर-भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट में ड्राइंग-डिजाइन का परीक्षण करेगी जयपुरी कम्पनी

→परीक्षण के दौरान जांच होगी की अभी तक क्या - क्या काम हुआ

### 16.30 करोड़ में कंसल्टिंग इंजीनियरिंग ग्रुप को दिया ठेका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मेट्रो प्रोजेक्ट में अलग-अलग स्तरों पर टेंडरिंग की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए जयपुर के कंसल्टिंग इंजीनियर ग्रुप को ठेका दिया गया है। यह देश की जानी-मानी इंजीनियरों के समूह वाली कम्पनी है, जो मेट्रो सहित तमाम बड़े प्रोजेक्टों में ड्राइंग-डिजाइन, वेरिफिकेशन सहित अन्य जिम्मेदारी लेती है। इंदौर मेट्रो में भी 5.2 किलोमीटर के एलिवेटेड और 8.62 किलोमीटर के अंडरग्राउंड कॉरिडोर सहित भोपाल के लिए भी इस इंजीनियरिंग ग्रुप को 16.30 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया है।

फिलहाल भोपाल और इंदौर में मेट्रो के पहले चरण का प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉपोर्रेशन द्वारा अमल में लाया जा रहा है। इंदौर में लगभग 32 किलोमीटर का यह कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। अभी गांधी नगर, सुपर कॉरिडोर, एमआर-10 होते हुए विजय नगर, रेडिसन चौराहा और रोबोट चौराहा तक एलिवेटेड कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग स्तरों पर संबंधित विशेषज्ञ-कम्पनियों को ठेके दिए जा रहे हैं।

### मेट्रो से जुड़ी तमाम डिजाइन के वेरिफिकेशन

पिछले दिनों कॉपोर्रेशन ने मेट्रो से जुड़ी तमाम डिजाइन के वेरिफिकेशन, जिसमें सिविल, जियो टेक्रिकल, स्ट्रक्चरल, वॉटर सप्लाय, सीवरेज, ड्रेनेज डिजाइनिंग और आर्किटेक्चरल से संबंधित तमाम जिम्मेदारियों का ठेका सीईजी को सौंपा है। इसके लिए जो टेंडर बुलाए थे उसमें तीन कम्पनियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अएशा इंडिया प्रा.लि. ने 19.93 करोड़ का, तो सिस्ट्रा एमवीए कंसल्टिंग इंडिया प्रा.लि. ने 21.96 करोड़ रुपए का टेंडर भरा। मगर सबसे कम राशि का टेंडर 16.30 करोड़ का कंसल्टिंग इंजीनियरिंग ग्रुप लिमिटेड का रहा, जिसे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें इंदौर के साथ-साथ भोपाल मेट्रो का काम भी शामिल रहेगा। भोपाल में लगभग 19 किलोमीटर के एलिवेटेड और 3.39 किलोमीटर के अंडरग्राउंड कॉरिडोर के अलावा इंदौर में 5.2 किलोमीटर का एलिवेटेड और 8.62 किलोमीटर का अंडरग्राउंड कॉरिडोर जो कि हाईकोर्ट शुरू होकर राजवाड़ा तक एयरपोर्ट तक बनना है, उसका हिस्सा शामिल रहेगा।

## नए आयुक्त ने शुरू की अधिकारियों पर सख्ती

सुबह घर में सोने के बजाय स्वच्छता देखने शहर में निकलो

### अपर आयुक्त को किया जोन का आवंटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के नए आयुक्त शिवम वर्मा ने निगम के अधिकारियों पर सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। उन्होंने सीधा संदेश दिया है कि सुबह के समय पर घर में सोने के बजाय अधिकारी शहर में स्वच्छता देखने के लिए निकलें। उन्होंने सभी अपर आयुक्त को अलग-अलग जोन आवंटित कर उसका प्रभारी बना दिया है।**

निगम के अधिकारियों में इन दोनों मस्ती का आलम चल रहा था। सुबह के समय पर कोई भी दौरा करने के लिए नहीं निकलता था। यदा कदा निगम आयुक्त के द्वारा ही दौरा कर लिया जाता था। जब आयुक्त दौरे पर जाती थी तो उस समय पर उनके द्वारा यदि किसी अधिकारी को बुलाया जाता था तो वह अधिकारी उस दौर में उनके साथ होता था। शेष अधिकारी दौरे से दूरी बनाकर रखते थे। जब भी स्वच्छता का सर्वेक्षण होने का काम आता है उस समय पर नगर निगम के सारे अधिकारी सुबह से शहर के अलग-अलग क्षेत्र का दौरा करने के लिए निकल जाते हैं।

### जब दौरा नहीं होता है तो फिर हालात बिगड़ते हुए नजर आते

इस दौरे के दौरान उनके द्वारा स्वच्छता की स्थिति को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाते हैं। अधिकारियों के द्वारा दौरा किए जाने से नीचे के स्टाफ में भी सकारात्मक संदेश जाता है और सभी अपने कामकाज के प्रति सजग रहते हैं। जब दौरा नहीं होता है तो फिर हालात बिगड़ते हुए नजर आते हैं। निगम के नए आयुक्त के द्वारा पिछले दो- तीन दिन से जो दौरा किया जा रहा है, उसमें उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझ में आ गया है कि इंदौर में स्वच्छता के हालात बिगड़ रहे हैं। इसके साथ ही यह भी वे जान गए हैं कि निगम के अधिकारी मस्ती के मूड में है। काम करने में उनकी रुचि नहीं है।

### अधिकारियों को हर दिन सुबह से दौरे पर निकालना होगा

इस स्थिति को देखते हुए उनके द्वारा निर्देश जारी करते हुए नगर निगम के सभी अपर आयुक्त को अलग-अलग जोनल कार्यालय में स्वच्छता की स्थिति की निगरानी करने का काम सौंपा गया है। इन सभी अधिकारियों को हर दिन सुबह से शहर में दौरे पर निकालकर अपने क्षेत्र में जाकर यह सुनिश्चित करना है कि वहां पर स्वच्छता की स्थिति बेहतर रहे।

### किसे दी कहां की जिम्मेदारी

- **सिद्धार्थ जैन - समस्त जोन**
- **दिव्यांक सिंह - जोन क्रमांक . 5 एवं 6**
- **अभिलाष मिश्रा - जोन क्रमांक . 10 एवं 11**
- **श्यामेंद्र जायसवाल - जोन क्रमांक . 7 एवं 8**
- **मनोज कुमार चोरसिया -जोन क्रमांक 18, 14 एवं 15**
- **मनोज कुमार पाठक - जोन क्रमांक . 1, 16 एवं 17**
- **अभय राजनगांवकर - जोन क्रं 13 व 18**
- **देवधर दरवई - जोन क्रमांक 2 व 12**
- **नरेंद्र नाथ पांडे - जोन क्रमांक 3 , 4, 9**

## मतपत्र/डाक मतपत्र/मुद्रण प्रबंधन कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए मतपत्र/डाक मतपत्र/मुद्रण प्रबंधन का कार्य संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा श्रीमती नीलम निनामा को सौंपा है। पूर्व में इस दायित्व से संलग्न जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे को वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर माह मार्च एवं अप्रैल 2024 में बजट क्लोजिंग एवं अकाउंट से संबंधित अतिरिक्त कार्य होने से इस कार्य से मुक्त किया गया है।

## तेज रफ्तार कार ने दो को रौंदा

होली की शाम हुए हादसे में तीन घायल,लोगों ने कार चालक को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर में होली की शाम तेज रफ्तार कार ने दो से ज्यादा लोगों को रौंद दिया। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। कार ड्राइवर ने आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों को भी टक्कर मारी। इस हादसे में कार में सवार युवकों सहित पांच लोगो के घायल होने की जानकारी सामने आई है।**

डीसीपी ऋषिकेश मीणा के मुताबिक घटना सोमवार शाम चंदन नगर इलाके की है। यहां एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सडक़ पर खड़े लोगों को रौंद दिया। इसमें बाइक सवार दो लोगों सहित एक ठेले वाले को चोट आई है। जिसमें तीनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। डीसीपी के मुताबिक कार सवार नशे में थे। जो बाइक और वहां खड़े ठेलों को टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन सडक़ के यहां कार सहित जा घुसे। इसके बाद यहां मौजूद भीड़ ने उनकी पिटाई कर दी। नशे में होने के चलते कार में सवार लडक़ों को भी बाद में पुलिस ने उठाकर अस्पताल पहुंचाया। उनकी हालत भी ठीक है। अभी वह नशे के कारण बोलने की स्थिति में नही है। सभी के परिवार की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने मौके से टक्कर मारने वाली कार जब्त की है।

# पार्टियां बदली, लेकिन सिंधिया राजपरिवार के इस गढ़ में दबदबा कायम, गुना में फिर ज्योतिरादित्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में गुना से अप्रत्याशित रूप से हारने के पांच साल बाद मध्य प्रदेश की राजनीति में परिवार की वर्तमान पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया वापस मैदान में हैं, लेकिन इस बार ईवीएम पर उनके नाम के आगे चुनाव चिन्ह कमल का होगा। 53 वर्षीय ज्योतिरादित्य सिंधिया विजया राजे सिंधिया के पोते और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत माधवराव सिंधिया के बेटे हैं। गुना लोकसभा सीट जोकि सिंधिया के गृह क्षेत्र का हिस्सा है, जिसमें ग्वालियर भी शामिल है, इसके साथ ही शिवपुरी और अशोक नगर जिलों की आठ विधानसभा सीटों में फैली हुई है।**

ठीक चार साल पहले मध्य प्रदेश में अपनी सरकार गंवाने के बाद कांग्रेस चुनाव मैदान में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ हिसाब-किताब बराबर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस ने अभी तक गुना से अपने उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को 2019 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था, जब उनके पुराने वफादार केपी यादव ने उन्हें लगभग 1.26 लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था।

अब 2024 के लोकसभा चुनाव में सिंधिया फिर से चुनावी मैदान में हैं, लेकिन एक अलग पार्टी (भाजपा) के बैनर तले।




गुना लोकसभा क्षेत्र का इतिहास बताता है कि सिंधिया परिवार ने अपना पहला और आखिरी चुनाव कभी एक ही पार्टी से नहीं लड़ा है। केंद्रीय मंत्री की दादी राजमाता विजया राजे सिंधिया ने अपना पहला चुनाव 1957 में कांग्रेस के टिकट पर इस सीट से लड़ा और जीत हासिल की। उन्होंने 1967 में स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और फिर 1989 में भाजपा से चुनाव लड़ा। उनके पिता माधवराव सिंधिया ने अपना पहला चुनाव 1971 में भारतीय जनसंघ (बीजेएस) के टिकट पर गुना से लड़ा था और 2001 में नई दिल्ली के पास एक विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु से पहले उन्होंने अपना आखिरी चुनाव 1999 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और राजनीतिक विश्लेषक रशीद किदवई कहते हैं कि सिंधिया परिवार का राजनीतिक झुकाव अब शांत होता दिख रहा है। किदवई ने कहा कि दशकों तक सचेत रूप से अलग-अलग राजनीतिक दलों को चुनने के बाद सिंधिया का घर आखिरकार उनके अतीत और वैचारिक झुकाव के अनुसार बस रहा है।

### माधवराव सिंधिया ग्वालियर से पांच बार चुने गए

गुना संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व राजमाता सिंधिया ने 6 बार किया, जबकि उनके बेटे माधवराव सिंधिया ने चार बार यहां से जीत हासिल की। गुना के अलावा राजमाता सिंधिया ने ग्वालियर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। माधवराव सिंधिया ग्वालियर से पांच बार चुने गए। राजमाता सिंधिया की बेटी यशोधरा राजे ने भी भाजपा के लिए दो बार लोकसभा में ग्वालियर सीट का प्रतिनिधित्व किया।

### जब ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में हुए थे शामिल

2002 से 2014 के बीच ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चार बार गुना सीट का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उपचुनाव में जीत भी शामिल है। अपनी हार के एक साल बाद वह मार्च 2020 में 22 कांग्रेस विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए, जिससे मध्य प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई।

### 1984 में भिंड से हारी थी पूर्व सीएम वसुंधरा राजे

2019 में लोकसभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया की हार सिंधिया परिवार के लिए दूसरा झटका थी। 1984 में केंद्रीय मंत्री की चाची और राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को भिंड लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर हार का सामना करना पड़ा था। वह कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णा सिंह जूदेव से हार गईं, जो दतिया के पूर्व शाही परिवार से हैं।

## पटेरा में बेकाबू बोलेरो सड़क किनारे पेड़ से टकराई, 3 की मौत, 2 गंभीर, होली के दिन दर्दनाक हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह जिले के पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर एक बोलेरो बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें सवार करीब 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां 45 वर्षीय थानसींग और रघुवीर पिता चित्तर की मौत हो गई। जबकि तीन लोगों को गंभीर हालत में इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया, जिनमें दिप्पू उर्फ दिलीप सिंह (40) निवासी डेडोंगरा, थम्मन सिंह पिता चित्तर हरपालपुरा (40) और रमाकांत पिता दामोदर तिवारी (33) को जबलपुर रेफर किया गया। रास्ते में रमाकांत तिवारी ने दम तोड़ दिया, जिसके शव को वापस जिला अस्पताल दमोह लाया गया और शव गृह में सुरक्षित रखवा दिया गया। तीनों मृतक पटेरा थाना के हरपालपुरा के रहने वाले थे जो होली पर्व पर पटेरा आए थे ओर वापस गांव लौटते समय बुलेरो पेड़ से टकरा गई। मंगलवार सुबह तीनों शव के पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए गए पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### 100 से अधिक घायल पहुंचे जिला अस्पताल

जिला अस्पताल में विगत 24 मार्च की रात्रि से 25 मार्च की रात्रि तक छुटपुट मारपीट और सड़क हादसों में करीब 100 घायल जिला अस्पताल आए। जिनका इलाज जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश नामदेव के नेतृत्व में डॉक्टर बहादुर सिंह, डॉक्टर एचएस सूर्यवंशी, डॉक्टर आशुतोष पटेल, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, डॉक्टर मधुर चौधरी, डॉक्टर चक्रेश और डॉ विक्रम पटेल द्वारा किया गया, कुछ लोगों की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया, तो कुछ घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया है और कुछ घायलों को कम चोट आने पर प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया।

## सीएम मोहन यादव ने इंदौर और उज्जैन पहुंचकर घायलों से की भेंट, एक लाख रुपये देने की घोषणा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में होली पर्व के दिन प्रातः पूजा अर्चना के दौरान हुए हादसे से प्रभावित घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसके लिए चिकित्सा विशेषज्ञों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रातः श्री महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान आग लगने की घटना और उससे पुजारियों और भक्तों में से 14 व्यक्तियों के प्रभावित होने की जानकारी मिलते ही तत्काल अपने आज के दैनिक कार्यक्रम में संशोधन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निरस्त कर अविलंब इंदौर पहुंचे।



**होली मिलन कार्यक्रम छोड़कर इंदौर रवाना हुए-** मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल में होली मिलन कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। वे कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व होली की बधाई देने आए जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी स्वागत स्वीकार न करते हुए तत्काल स्टेट हेंगर रवाना हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हेलीकॉप्टर द्वारा इंदौर रवाना हो गए।

**अरविंदो हास्पिटल इंदौर में घायलों से भेंट-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर पहुंचते ही श्री महाकाल मंदिर उज्जैन में आग लगने से हुए घायल 8 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अरविंदो हास्पिटल इंदौर में उपचार के लिए आए घायलों से मुलाकात कर बातचीत की। घायलों को भरोसा दिलाया कि उनका बेहतर से बेहतर उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट भी उपस्थित थे।

**जिला अस्पताल उज्जैन में घायलों से मिले मुख्यमंत्री डॉ यादव-** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इंदौर के पश्चात उज्जैन पहुंचकर जिला अस्पताल में भर्ती घायलों से भेंट और चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अस्पताल प्रबंधन को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। घायलों का इलाज चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के पीड़ित परिवारों संग मनाई अफसरों ने होली, एसपी-कलेक्टर ने भोजन परोसा

**हरदा।** मध्य प्रदेश के हरदा जिले से होलिका दहन की एक अलग ही तस्वीर सामने निकलकर आई है । दरअसल बीते दिनों यहां हुए पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद से ही करीब 59 परिवार यहां बने आश्रय स्थल में रह रहे थे। जिनके बीच होलिका दहन का पर्व मनाने जिला कलेक्टर और एसपी सहित प्रशासनिक अमला पहुंचा, और विधि विधान से पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। तो वहीं इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से रखे गए प्रीति भोज में एसपी एवं कलेक्टर ने अपने हाथों से पीड़ित परिवारों को भोजन भी परोस कर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## उधार दिए रुपये मांगता था, इसीलिए पड़ोसी ने ही कर दी थी किसान की हत्या, 20 मार्च को खेत से मिला था शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** 20 मार्च की सुबह भाटपचलाना क्षेत्र के गांव बालोदा लक्खा में खेत में किसान किशन सिंह राजपूत का शव मिला था। किसान खेत में लहसुन की फसल की सुरक्षा करने गया था। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सिर में गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी थी। जांच में सामने आया था कि हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं की है। पुलिस ने इसी बिंदु पर जानकारी निकाली तो पता चला कि पड़ोसी किसान गोविंदसिंह राजपूत ने अपनी मां के नाम पर दर्ज जमीन गिरवी रखकर किशनसिंह से साढ़े चार लाख रुपये उधार लिए थे।

इसके बाद पुलिस ने गोविंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पहले तो वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि किशनसिंह ने पूर्व में भी उसके परिवार की मदद की थी। हालांकि उसके बदले किसान ने नौ बीघा जमीन कम दाम पर खरीद ली थी। जनवरी में ही उसने ढाई बीघा का अनुबंध कर साढ़े चार लाख रुपये उधार लिए थे। जिसे वापस देने के लिए किशनसिंह दबाव बना रहा था।

**रिश्तेदार को झूठा फंसाना चाहता था-** एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी गोविंद ने बताया कि उसने ही 19 मार्च की रात को किशनसिंह को सोते समय सिर पर फावड़ा मारकर मौत के घाट उतार दिया था। हत्या के मामले में वह अपने एक रिश्तेदार को झूठा फंसाना चाहता था। उसका रिश्तेदार वर्ष 2016 में हुई हत्या के मामले में जेल में सजा काट रहा है। हाल ही में वह पैरोल पर जेल से छूटकर आया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

Bihar

# होली पर ससुराल आए जीजा का खूनी खेल, साली की गोली मारकर की हत्या

**बेगूसराय, (एजेंसी)** बेगूसराय के चकिया थाना क्षेत्र के मल्हीपुर बिंदटोली गांव में सनकी जीजा ने अपनी ही साली को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका मल्हीपुर दक्षिण पंचायत के मल्हीपुर बिंदटोली गांव निवासी स्व. सिकंदर निषाद की 25 वर्षीया पुत्री निशा कुमारी थी। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। इसी बीच घटना को अंजाम देने के बाद मृतका के बहनोई व उसके दोस्त को घर से भागते देख स्थानीय लोगों ने खदेड़कर दोनों को हथियार समेत पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। इसके बाद दोनों को चकिया थाने की पुलिस के हवाले कर दिया।



चकिया थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि दोनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया गया है। मृत निशा की शादी मुंगेर जिले के नजीरा गांव में हुई थी। पति राकेश कुमार परदेस में रहकर मजदूरी करता है। निशा होली खेलने अपने बच्चों के साथ मायके आयी थी। बताया गया कि मृतका के बहनोई बछवाड़ा थाने के चमथा नंबर दियारा निवासी गोलू कुमार निषाद अपने दोस्त विष्णुपुर निवासी मिथुन कुमार के साथ शनिवार को होली के मौके पर अपने ससुराल मल्हीपुर बिंदटोली आया था।

रविवार की सुबह किसी बात को लेकर उसकी साली निशा के साथ अनबन हुई और इसके बाद गोलू ने उसके सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। आरोपित गोलू अपराधी प्रवृत्ति का है।

Uttarakhand

## होली पर गंगा में डूबे 3 पर्यटक, एसडीआरएफ ने एक का शव किया बरामद

**ऋषिकेश, (एजेंसी)** होली पर्व पर दो पर्यटकों को समेत तीन लोग गंगा में बह गए। पर्यटकों की बहने की सूचना लोगों ने एसडीआरएफ को दी। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मेहनत कर एक युवक का शव बरामद कर लिया है। होली पर्व पर दो पर्यटकों को समेत तीन लोग गंगा में बह गए। इनमें एसडीआरएफ ने एक टिहरी के युवक का शव बरामद कर लिया है। जबकि, पर्यटकों की तलाश जारी है। निरीक्षक कविंद्र सजवाण के मुताबिक टिहरी स्थित ग्वाल गांव निवासी 37 वर्षीय सुरेंद्र सिंह नेगी का शव नीम बीज से मिला है। साईं घाट पर बहे भटिंडा निवासी निखिल और नीम बीच पर बहे करनाल के रहने वाले अक्षय की तलाश गंगा नदी में की जा रही है।

Uttarpradesh

# गुरुग्राम में होली के दिन बवाल, दबंगों ने बीच सड़क कपल को लात-घूसों और शराब की बोतलों से पीटा



**गुरुग्राम, (एजेंसी) गुरुग्राम में होली के दिन जमकर बवाल हुआ. दबंगों ने दिन दहाड़े बीच सड़क पर एक कपल को लात घूसों और शराब की बोतलों से पीटा. स्कॉर्पियो गाड़ी से आने वाले दबंगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.**

यह घटना होली की शाम बसई रोड इलाके की है, जहां कानून से बेखौफ दबंगों ने युवक और युवती को बीच रोड लात-घूसों और शराब की बोतलों से पीटा. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है. जिसमें देखा जा सकता है कि युवती मारपीट करते बदमाशों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन स्कॉर्पियो से आए बदमाश न केवल युवक से मारपीट कर रहे है, बल्कि बीच में आई युवती से भी मारपीट करने लगे.

Uttarpradesh

# होली खेलने जा रहे युवकों की बाइक आपस में टकराई, तीन की मौत, दो की हालत नाजुक

**मथुरा/बदायूं, (एजेंसी) होली के दिन (25 मार्च) यूपी के मथुरा में भीषण सड़क हादसा हो गया. दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई. जबकि, दो लोग बुरी तरह घायल हो गए. होली के दिन इस हादसे से मृतकों के घर में मातम पसर गया. वहीं, पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.**




मथुरा पुलिस ने बताया कि ये हादसा कल दोपहर मघेरावाले हनुमान मंदिर के पास हुआ. मृतकों की पहचान जैत थाने के तोष गांव निवासी 25 वर्षीय हेमंत, 36 वर्षीय हुकम सिंह और 28 वर्षीय महेश के रूप में हुई है. ये सभी होली खेलने के लिए बाइक से निकले थे. एसपी सिटी अरविंद कुमार ने कहा, 'बाइक सवार युवक होली खेलने के लिए एक जगह जा रहे थे. हादसे में तीन की मौत हो गई. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.'

खेल

# लोमरोर और कार्तिक ने पंजाब के मुंह से छीनी जीत, विराट ने जड़ी तूफानी फिफ्टी, फाफ-ग्लेन हुए फेल

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** आईपीएल 2024 के छठे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। आरसीबी की यह इस टूर्नामेंट में पहली जीत है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाए। इसके जवाब में आरसीबी ने विराट कोहली की 77 रनों की धमाकेदारी पारी के दम पर 19.2 ओवर में छह विकेट खोकर 178 रन बनाए और चार विकेट से यह मैच जीत लिया। आरसीबी दो अंकों के साथ अंक तालिका में छठे नंबर पर पहुंच गई है जबकि पंजाब पांचवें स्थान पर है।

पंजाब द्वारा दिए गए 177 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी हुई थी। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस के बीच पहले विकेट के लिए 26 रन की साझेदारी हुई। कगिसो रबाड़ा ने कप्तान को तीसरे ओवर में पवेलियन भेजा।



फाफ सिर्फ तीन रन बना सके जबकि किंग कोहली ने पहले ओवर में सैम करन के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करते हुए चार चौके लगाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कैमरन ग्रीन भी तीन रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, रजत पाटीदार 18 रन बनाने में कामयाब हुए। उन्हें हरप्रीत ब्रार ने 86 रन के स्कोर पर बोल्ड किया। ब्रार का कहर यहीं नहीं रुका, उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल को भी बोल्ड कर दिया। टीम को पांचवां झटका विराट कोहली के रूप में 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर लगा। हर्षल पटेल ने उन्हें हरप्रीत के हाथों 130 रन के स्कोर पर कैच कराया। धाकड़ बल्लेबाज 49 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाने में सफल रहे। विराट ने टी20 करियर में 100वां अर्धशतक लगाया। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इसके बाद अनुज रावत भी पवेलियन लौट गए। वह सिर्फ 11 रन बना सके। 17वें ओवर के बाद यह मुकाबला आरसीबी के हाथ से फिसलता दिख रहा था कि सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए दिनेश कार्तिक ने और आठवें नंबर पर उतरे महिपाल लोमरोर ने 48 रन की नाबाद साझेदारी निभाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। 20वें ओवर में टीम को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी। स्टार फिनिशर ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहली गेंद पर छक्का लगाया, दूसरी गेंद वाइड हो गई और तीसरी गेंद पर उन्होंने शानदार चौका लगाया और टीम को पहली जीत दिलाई। पंजाब के लिए हरप्रीत ब्रार और कगिसो रबाड़ा ने दो-दो विकेट हासिल किए जबकि सैम करन और हर्षल पटेल को एक-एक सफलता मिली।

पंजाब की शुरुआत इस मुकाबले में कुछ खास नहीं हुई थी। टीम को पहला झटका 17 रन के स्कोर पर लगा था। जॉनी बेयरस्टो तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर विराट कोहली के हाथों कैच आउट हो गए थे।

सिनेमा

# ऐश्वर्या राय ने दोस्तों के साथ मनाई होली, अभिषेक बच्चन भी आए नजर; फोटोज देख हैरान हुए फैंस



बच्चन परिवार ने बड़े ही धूमधाम से होली सेलिब्रेट की। नव्या नवेली नंदा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर होली सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में नव्या अपने नाना अमिताभ बच्चन, नानी जया बच्चन और मां श्वेता बच्चन नंदा के साथ होली मनाते नजर आ रही हैं। हालांकि, इन तस्वीरों में कहीं भी ऐश्वर्या राय, आराध्या बच्चन और अभिषेक बच्चन दिखाई नहीं दे रहे हैं। क्यों? दरअसल, जिस वक्त ये तस्वीरें ली गईं उस वक्त ये तीनों अपने दोस्तों के साथ होली सेलिब्रेट करने गए थे।

मनोचिकित्सक (साइकियाट्रिस्ट) और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता (मेंटल हेल्थ एडवोकेट) जिरक मार्कर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या संग कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गईं ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में ऐश्वर्या के साथ आराध्या और अभिषेक भी नजर आ रहे हैं। लोग ऐश्वर्या की तस्वीरें देख खुश हो गए हैं। उन्हें ऐश्वर्या का नया लुक काफी पसंद आ रहा है।

# संपादकीय

## आखिर ऐसी तस्वीर क्यों...?

अगर सरकार सबके विकास का नारा देती है, तो उसके बरक्स ऐसी तस्वीर क्यों बनी रहती है कि महज एक फीसद लोग देश के चालीस फीसद संसाधनों या संपत्ति के मालिक हो जाते हैं। दरअसल जिस दौर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों का हवाला देकर विकास के कामयाब सफर का दावा किया जा रहा हो, उसमें असमानता की खाई गहरे होते जाने की खबरें हैरान करती हैं। एक ओर सरकार देश की आर्थिक तस्वीर में लगातार बेहतरी आने की बात करती है, दूसरी ओर आंकड़ों के साथ ऐसे तथ्य सामने आते हैं कि यहां की कुल संपत्ति के एक तिहाई से काफी ज्यादा हिस्से पर चंद लोगों का कब्जा है। निश्चित रूप से यह विकास के तमाम दावों के बीच नीतिगत स्तर पर एक बड़ी खामी का सबूत है कि आबादी का ज्यादातर हिस्सा एक छोटे घेरे में सिमट रहा है। गौरतलब है कि थामस पिकेटी सहित तीन अर्थशास्त्रियों की ओर से जारी 'भारत में आय और संपदा में असमानता, 1922-2023 : अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक फीसद की आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 फीसद हो गई है, वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी में 40.1 फीसद तक पहुंच गई है। यों देश की कुल संपत्ति पर बहुत छोटे हिस्से के बढ़ते कब्जे को लेकर इस तरह का यह कोई पहला आंकड़ा नहीं है, मगर इस स्थिति के लगातार बने रहना क्या बताता है? आजादी के बाद 1980 के दशक की शुरुआत तक अमीर और गरीबों के बीच आय और धन के अंतर में गिरावट देखी गई थी। मगर उसके बाद इसमें इजाफा होना शुरू हुआ। 2022-23 में देश के निचले पचास फीसद लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का सिर्फ पंद्रह फीसद हिस्सा था। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों के दौरान आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। जाहिर है, यह देश की नीतियों का जमीनी हासिल है, जिसमें सबसे अमीर तबका लगातार धनी होता जा रहा है, वहीं बाकी लोगों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होती जा रही है।

**अर्ज किया है..!**

*मैं बिल्कुल बेफिजुल हूं,*
*आइये, अपनाइये*
*चाहिये, खेलिये*
*मतलब निकालिए,*
*छोड़ दीजिए,*
*और चले जाईये।*

*- (बच्चन/निशानिमंत्रण)*




**सैर-सपाटा**

# इंदौर में घूमने के अलावा इन चीजों को लें मजा, ट्रिप हमेशा रहेगा याद



घूमने-फिरने के साथ ही आपको खाने-पीने का भी शौक है तो आपको इंदौर जाना चाहिए। ये जगह घूमने-फिरने के लिए तो अच्छी है ही साथ ही यहां पर खाने-पीने की तरह-तरह वैरायटी मिलती हैं जिनका स्वाद आपको जरूर चखना चाहिए। अगर आप हाल-फिलहाल में कहीं घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं तो इस शहर में जाने के बारे में सोच सकते हैं। यहां देखिए इंदौर में आप किन चीजों का मजा ले सकते हैं।

## इंदौर का स्ट्रीट फूड

इंदौर शहर अपने टेस्टी खाने के लिए बहुत फेमस है। खाने के शौकीनों के लिए इंदौर किसी स्वर्ग से कम नहीं है। पोहा जलेबी, मावा बाटी और भुट्टे का कीस जैसी डिश का स्वाद यहां जरूर चखें। इंदौर टूर, सराफा बाजार छप्पन दुकान में टेस्टी खाने का स्वाद चखे बिना अधूरा है।

## सर्राफा बाजार में खरीदारी

सराफा बाजार, जो राजवाड़ा के सबसे पास है। ये एक ऐसा बाजार है जिसे आपको जरूर देखना चाहिए। सराफा बाजार में नमकीन और चांदी के गहनें की दुकानें हैं। इसके अलावा माहेश्वरी, चंदेरी और बाग-प्रिंटेड साड़ियां भी यहां से खरीद सकते हैं। वहीं रात में खाने के शौकीनों के लिए ये एक आकर्षण का केंद्र है, जहां टेस्टी चाट और मिठाइयां परोसी जाती हैं।

**जरूर जाएं सेंट्रल म्यूजियम-** गुप्त काल से लेकर परमार युग तक फैली मध्य प्रदेश की प्राचीन और मध्यकालीन हिंदू और जैन मूर्तियों का सबसे अच्छा संग्रह इंदौर के सेंट्रल म्यूजियम में रखा गया है। यहां पर शिलालेख गैलरी, सिक्के गैलरी और पुरावशेष गैलरी भी है।

## रालामंडल वन्यजीव अभयारण्य में सफारी

नेचर लवर्स और ट्रेकर्स के लिए ये एक शानदार जगह है। इस जगह का दौरा करते समय आप नीलगिरी, बांस, सागौन, बबूल और चंदन के पेड़ देख पाएंगे। इसके अलावा ये जगह कई पक्षियों का घर है।

## Highlights

1. **Lok Kalyan Marg Metro Station, gates of 2 other stations shut amid AAP's protest**
2. **Mangaluru Police Nab Fraudster Offering Fake Job via WhatsApp**
3. **Calm over polls leaves India option traders exposed to surprises**
4. **Kejriwal issues 2nd order as Delhi CM from ED custody after arrest**
5. **MP Court Says wearing 'sindoor' religious duty of wife**
6. **People voting for YSRCP are betraying society: Naidu**
7. **AAP plans protest at PM's home over Kejriwal arrest**

# IndiGo share price hits 52-week high. Will it rise more? Should you buy or not?

**NEW DEIHI, (Agency).** IndiGo share price: The share price of IndiGo gained over 2% to hit a 52-week high today (March 26). This comes after global brokerage firm UBS raised the target price on the stock and maintained its positive stance citing strong growth prospects of Indian aviation industry, share gains in international travel, efficient cost structure and operational excellence.

### → IndiGo share price

IndiGo shares rallied 2.13% to a fresh high of Rs3,355.50 apiece on the BSE.

What UBS said on IndiGo share price?

Maintaining a Buy rating on IndiGo shares, UBS raised the 12-month target price to ₹4,000 per



share from ₹3,900 earlier. This implies an upside of more than 21% from Friday's closing price.

"Despite factoring in higher crude prices and pilot salaries, our estimates are flat to higher, driven by better Available Seat Kilometres (ASK) growth and yields. Also, we continue to see upside risks to our yields in the near term and capacity/ demand growth and profitability over the medium term," UBS noted.

UBS also said that the near-term trends remain positive and should lead to consensus estimate upgrades as the company indicated strong demand.

"ASK growth of low double-digit in FY25 with near-term YoY yield growth is positive in our view and should result in strong near-term earnings. Also, AOG number should remain stable at the current level (we were expecting more aircrafts to be grounded soon), provides much better visibility/ stability to capacity/ earnings," UBS said.

# Shark Tank India 3| Anupam Mittal loses his cool after this pitch: 'Dramebaazi ka bahut shauq hai'

**NEW DEIHI, (Agency).** On the latest episode of Shark Tank India 3, Siddharth Madhav and Ha Tade pitched an innovative petrol detector and metre. After sharing details about their product, their ask was ₹50 Lakhs for 5% equity as they said that they are a pre-revenue company and are set to sell their product to the market. Following this, 'shark' Anupam Mittal asked about the backgrounds of the entrepreneurs. Siddharth Madhav said that he is 18 and from Dehradun while Ha Tade shared that



he is 24 and from Itanagar. The latter revealed that he left his home 2 years back and founded a company. To this Anupam Mittal asked why Ha Tade had left. He responded, "I was studying in a reputed college and we were sure that I would get the placement but I didn't want to do a job, I tried making my parents understand but they refused. I had to leave my home." Peyush Bansal then asked, "Did you complete your college?" and Ha Tade refused and said that if he would have continued college, he would end up working in a company and not make one. Reflecting on his background, Ha Tade then said, "My parents are just farmers, the last time I remember."

# खजराना गणेश मंदिर में भी हो जाता उज्जैन जैसा हादसा

## पुजारियों की तत्परता से तत्काल आग पर पा लिया काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उज्जैन के महाकाल मंदिर जैसा हादसा आज शहर के ऐतिहासिक खजराना गणेश मंदिर में भी हो जाता। जानकारी के अनुसार जब खजराना गणेश की आरती की जा रही थी उसी दौरान किसी ने आतिशबाजी के दौरान उपयोग में आने वाली स्मोक जैसी वस्तु को जला दिया। इस दौरान गुलाल फेंकने की बात भी सामने आई। इससे आग भभक उठी।**

बताया जाता है जिस दौरान मंदिर में आरती की जा रही थी तभी किसी ने स्मोक राड जला दी। इससे आग भभक उठी। जैसे ही आग भभकी आरती कर रहे पुजारी और मंदिर समिति के अन्य लोगों ने तत्परता से इस पर काबू पा लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना के दौरान भगवान श्रीगणेश की आरती कर रहे मंदिर के पुजारी सुमित भट्ट ने बताया कि उज्जैन हादसे को ध्यान में रखते हुए कुछ देर पहले ही उन्होंने आरती में मौजूद श्रद्धालुओं को चेतावनी दी थी कि वे आरती के दौरान गुलाल अथवा किसी ज्वलनशील वस्तु को न उड़ाएं।

उन्होंने बताया कि यह घटनाक्रम मंदिर के गर्भगृह के बाहर ही कुछ पल के लिए हुआ। तुरंत ही आग को बुझा दिया गया और हालात सामान्य हो गए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीगणेश की कृपा से कुछ नहीं हुआ। उल्लेनीय है कि आज ही उज्जैन में महाकाल मंदिर में आरती के दौरान गुलाल उडऩे से आग भभक उठी थी। इससे 15 पुजारी और सेवक झुलस गए हैं।

## तालाब में युवक डूबा

### →दोस्त के साथ नहाने गया था, गहराई में जाने से हुई मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआ इलाके के पिपलियापाला तालाब में सोमवार को एक युवक अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया। यहां गहराई में जाने के चलते वह डूब गया। लोगो ने उसे देखा तो बाहर निकाला। लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अभी सूचना मिली है। जिसमें जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक पिपलियापाला तालाब में कुछ युवकों के नहाने के दौरान डूबने की सूचना मिली है। सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो भी सामने आया है। युवक सोनिया गांधी नगर का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक वह अपने दोस्तों के साथ नहाने गया। इस दौरान गहराई में जाने से युवक डूब गया। उसके साथ नहा रहे दोस्तों ने बचाव के लिये मदद मांगी।लेकिन वह काफी अंदर चले गया। बाद में उसे निकालकर साथी निजी अस्पताल लेकर गए है। मामले में अस्पताल से मर्ग की जानकारी नही आई है।

## इंजेक्शन कांड का मास्टरमाइंड फिर रिमांड पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक तरफा प्यार में युवती को संक्रमित इंजेक्शन लगाने की जांच 15 दिनों बाद भी अधूरी है। मामले में शामिल सभी सातों आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस ने सोमवार को रिमांड पर लिए गए चार आरोपियों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। इन सभी को जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही जेल में बंद मास्टर माइंड किशोर कोरी को फिर से रिमांड पर लिया गया है।**

युवती को इंजेक्शन लगाने वाले रोहन और आकाश ने कबूला है कि उन्हें इस काम के लिए मास्टर माइंड किशोरी कोरी से 8 हजार रुपए मिले थे। दोनों ने यह भी बताया कि उन्हें यह नहीं पता कि खून का इंजेक्शन कितना पुराना है। उनका काम इंजेक्शन लगाकर सिरिंज को ठिकाने लगाना था, जो उन्होंने कर दिया था। दोनों नशे के आदी हैं। 8 हजार रुपए में से भी आधे पैसे उन्होंने शराब पीने में उड़ा दिए। युवती को इतनी आसानी से इंजेक्शन लगाने को लेकर भी उन्होंने पुलिस को काफी गुमराह किया।

पुलिस और डॉक्टर्स का मानना है कि कोई भी अन ट्रेंड व्यक्ति पहली बार में आसानी से इंजेक्शन नहीं लगा सकता। आरोपी संगीता एमआरटीबी हॉस्पिटल में सफाईकर्मी थी और उसने पति लोकेश को इंजेक्शन लाकर दिया था। पुलिस का मानना है कि इंजेक्शन लगाने वाले दोनों आरोपियों का संगीता के पति लोकेश कंडारे से कनेक्शन है। इसमें आरोपी संजय कोरी की भी खास भूमिका है। इसके बाद पुलिस ने लोकेश और संजय को फिर से रिमांड पर लिया।

### संजय पर इसलिए गहराया शक

आरोपी रोहन और आकाश ने सिरिंज रानी पुरा के पास नाले में फेंकना बताया। आरोपी संजय कोरी भी यहीं रहता है। ऐसे में शंका थी कि संजय और लोकेश कई राज से पर्दा उठा सकते हैं। इनसे पूछताछ की तो दोनों का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में किशोर ही बता सकता है।

## तीसरी मंजिल से गिरे बच्चे की मौत

### बड़ी बहन के साथ खेलते समय बालकनी से गिरा था नीचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तीसरी मंजिल से गिरकर घायल हुए बच्चे की मौत हो गई। घटना खजराना इलाके की है। बच्चा बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरा था। उसकी उम्र चार साल थी। आठ दिन से एमवाय में इलाज चल रहा था। बताया जाता है कि बच्चा अपनी बड़ी बहन के साथ खेल रहा था। तभी दौड़ते हुए बालकनी में आया। रेलिंग से नीचे गिर गया। उसके मुंह पर गंभीर चोट लगी थी।**

बच्चे के परिजनों का आरोप है कि उन्हें किसी तरह की सरकारी मदद नहीं मिली। आठ दिन तक बच्चे के इलाज को लेकर परेशान होते रहे। इंदौर में 10 साल से रह रहे हैं लेकिन राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सुविधाओं से अभी भी वंचित हैं।

मृतक बच्चे का नाम सूर्यांश रजक है। पिता सुल्तान मजदूरी करते हैं। मां घरों में साफ-सफाई का काम करती है। सूर्यांश जब गिरा था तब उसे नजदीक में रहने वाली उसकी बड़ी नानी देखी थी। वह तुंरत अस्पताल लेकर गई। यहां इलाज शुरू हुआ लेकिन बचाया नहीं जा सका। सुल्तान के मुताबिक वह मूल रूप से अशोक नगर के रहने वाले हैं। यहां तीन साल से किराए से रह रहे हैं।

## महिला एसआई ने दी लट्ठ मार होली की चेतावनी

### वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने दिए कार्रवाई के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। होली पर एक महिला एसआई को अनाउंसमेंट कर लोगों को समझाईश देना भारी गया। अनाउंसमेंट के दौरान महिला एसआई ने ऐसा कुछ बोल दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा, जिसके बाद उन्होंने एसआई के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दे दिए।**

दरअसल, मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का है। यहां पदस्थ एसआई खुशबू परमार कल यानी सोमवार को होली पर क्षेत्र में राउंड पर थी। इस दौरान वे गाड़ी में से ही सेट के माध्यम से लोगों को समझाईश दे रही थी। परमार ने समझाईश देते हुए कहा कि जनता से निवेदन है, आचार संहिता का ध्यान रखे। अपने-अपने घर चले जाए। 4 बजे तक होली खेलने का समय निर्धारित किया गया था। अपने घर पर रहे वरना पुलिस द्वारा लट्ठ मार होली का आयोजन किया जाएगा।

लट्ठ मार होली कहते हुए वो मुस्कुरा भी रही थी। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। जिसके बाद खुशबू परमार के लिए कमिश्नर, डीसीपी ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक